
**Nai Dunia (Indore), 20th February 2020, Page-13**

# आईआईटी इंदौर ने किया पांच क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन




इंदौर (नईदुनिया रिपोर्टर)। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर को 2020 के टाइम्स हायर एजुकेशन इमर्जिंग इकोनॉमी यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 61वां स्थान मिला है। यह भारतीय यूनिवर्सिटी में छठवें और दूसरी व तीसरी पीढ़ी के आईआईटी में सर्वश्रेष्ठ है। रैंकिंग विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए दी गई है। इसमें पांच क्षेत्र हैं। शिक्षण, अनुसंधान, अनुसंधान का प्रभाव, इंटरनेशनल दृष्टिकोण और उद्योगों से आने वाली आय के आधार पर यह रैंक मिली है। 533 यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में देश के 56 यूनिवर्सिटी के नाम शामिल किए गए हैं। आईआईटी ने पिछले सालों के मुकाबले कई क्षेत्रों में सुधार किया है। संस्थान के निदेशक निलेश कुमार जैन का कहना है आईआईटी दुनिया के बेस्ट संस्थानों में शामिल हो चुका है। अगले सालों में कड़ी मेहनत से हम और नए मुकाम हासिल करेंगे।

## विभिन्न संस्थानों की रैंकिंग में शामिल हो रहा है आईआईटी

आईआईटी इंदौर को 2019 में क्यूएस एशिया रैंकिंग में 188वां स्थान मिला था। इससे पहले संस्थान की रैंकिंग 241 थी। टाइम्स हायर एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भी संस्थान जगह बना चुका है। जून 2019 में दुनिया के शीर्ष 100 यंग यूनिवर्सिटी में आईआईटी इंदौर को 68वां स्थान मिला था। विभिन्न और संस्थानों की सूची में भी संस्थान की रैंकिंग सुधरती जा रही है।